Class – VIII
Sub – Lower Hindi
Ch:15 – इच्छा शक्ति

Q. शब्दार्थ लिखिए

मौखिक

Q1. क) सम्राट वीर सिंह के दरबार के कोषाध्यक्ष का क्या नाम था?
→ सम्राट वीर सिंह के दरबार के कोषाध्यक्ष का नाम धीरज सिंह था।

ख) राज्य की स्थिति दिन-प्रतिदिन क्यों बिगड़ती जा रही थी?
→ राज्य की स्थिति दिन-प्रतिदिन इसलिए बिगड़ती जा रही थी क्योंकि राज्य के कामों के लिए जब भी धन व्यय करना होता, धीरज सिंह को बहुत ही कष्ट होता था जिसके कारण कोई भी योजना सफल नहीं हो पाती थी।

ग) धीरज सिंह का स्वभाव कैसा था?
→ धीरज सिंह बहुत ही ईमानदार और परिश्रमी थे पर स्वभाव से बहुत ही कृपण थे।

घ) धीरज सिंह के मुँह में पानी किस वस्तु को देखकर आया और कब?
→ एक दिन जब धीरज सिंह राजसभा से घर लौट रहे थे तब हलवाई अपनी दुकान पर पूड़े बना रहा था। पूड़े देखकर धीरज सिंह के मुँह में पानी भर आया।

ङ) रास्ते में हलवाई क्या बना रहा था?
→ रास्ते में हलवाई पूड़े बना रहा था।

लिखित

Q2. क) भिक्षु को देखकर धीरज सिंह ने अपनी पत्नी से क्या कहा?

> भिक्षु को देखकर धीरज सिंह ने अपनी पत्नी से कहा, "घर के द्वार पर भिक्षु खड़ा है। तुम पहले एक छोटा-सा पूड़ा उसके लिए बना दो।"

ख) भिक्षु क्यों मुस्करा रहा था?
> जब धीरज सिंह ने अपनी पत्नी से भिक्षु के लिए एक छोटा पूड़ा बनाने के लिए कहा तो उसने बारी-बारी से दस पूड़े बनाए क्योंकि हर पूड़ा बड़ा बनता गया। बाहर खड़ा भिक्षु यह देखकर मुस्कुरा रहा था।

ग) भिक्षु ने पूड़े को लेना क्यों अस्वीकार कर दिया?
> भिक्षु ने पूड़े को लेना इसलिए अस्वीकार कर दिया क्योंकि धीरज सिंह के मोह के कारण सभी पूड़े आपस में चिपक गए थे।

घ) भिक्षु के समझाने का धीरज सिंह पर क्या प्रभाव पड़ा?
> भिक्षु के समझाने का धीरज सिंह पर यह प्रभाव पड़ा कि अब उन्होंने राज्य की भलाई के कामों के लिए प्रसन्नतापूर्वक धन व्यय करना प्रारंभ किया। देखते-ही-देखते दिन-दूनी रात चौगुनी उन्नति होने लगी। कुछ ही महीनों में राज्य में चारों ओर प्रसन्नता छा गई।

Q3 H/W

Q4 मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए -

क) मुँह में पानी भर आना - जी ललचाना
> लड्डू देखते ही मोहन के मुँह में पानी भर आया।

ख) भारी मन से - कृपण मन से
> सेठ भारी मन से गरीबों को दान कर रहे थे।

ग) ठगे से रह जाना - आश्चर्यचकित हो जाना
> जब अध्यापक ने राम को गणित के अंक बताए तो वह ठगा सा रह गया।

घ) दिन दूनी-रात चौगुनी बढ़ना - उन्नति करना
> राम के परिश्रम के कारण उसका गाँव दिन-दूनी-रात चौगुनी बढ़ने लगा।

—x—

(3)

व्याकरण

उपसर्ग- जो अक्षर किसी शब्द के आरंभ में जुड़कर उसका अर्थ बदल देते हैं, वे उपसर्ग कहलाते हैं। जैसे- अभाव- 'अ' उपसर्ग है तथा 'भाव' मूल शब्द है।

प्रत्यय- जो अक्षर किसी शब्द के अंत में जुड़कर नया शब्द बनाते हैं वे प्रत्यय कहलाते हैं। जैसे- लिखाई - 'आई' प्रत्यय है तथा 'लिख' मूल शब्द है।

5. उपसर्ग तथा मूल शब्द को जोड़कर नए शब्द बनाइए-

(क) ना + समझ - नासमझ

(ख) अन + पढ़ - अनपढ़

(ग) अति + रिक्त - अतिरिक्त

(घ) पर + उपकार - परोपकार

6. खंड 'अ' को खंड 'ब' के साथ मिलान कीजिए-

खंड 'अ'	खंड 'ब'
(क) पति	(i) स्त्री (घ)
(ख) भिक्षु	(ii) सम्राज्ञी (ग)
(ग) सम्राट	(iii) पत्नी (क)
(घ) पुरुष	(iv) भिक्षुणी (ख)

परियोजना

- यदि भिक्षु धीरज सिंह को पहले मिल गया होता तो राज्य की स्थिति में किस प्रकार का परिवर्तन होता? अपने विचार दीजिए।